हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 फरवरी 2026

06 भागवत कथा का समापन- प्रेम के आगे उद्धव का...



09 समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित ...





## खबर संक्षेप में

### जिला कोर कमेटी का गठन किया

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा मध्यप्रदेश शासन की सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास हेतु नीति, 2022 के दिशा-निर्देशों अंतर्गत कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कोर कमेटी का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार कोर कमेटी में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( विशेष किशोर पुलिस इकाई, पुलिस विभाग) परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, यातायात पुलिस प्रभारी समिति के सदस्य होंगे। समिति का उद्देश्य जिले में जोखिमग्रस्त बच्चों की समयबद्ध पहचान, संरक्षण, पुनर्वास एवं उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं से जोड़कर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है।

### जिला स्तरीय कार्यशाला व पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 5 और 6 को

**नलखेड़ा।** किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग आगर मालवा द्वारा 2 दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला के अंतर्गत प्रशिक्षण और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 5 और 6 फरवरी को कंपनी गार्डन कम्युनिटी हाल में किया जा रहा है। उप संचालक उद्यानिकी अर्जुन सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती और उद्यानिकी फसलों की बीमारियों एवं रोग प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही उद्यानिकी फसलों के मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण पर भी वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जानकारी दी जाएगी। राजपूत ने जिले के सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया है जिले में पुष्प की खेती का रकबा बड़े किसान पुष्प उत्पादन से जुड़े इसी उद्देश्य से कार्यशाला में पुष्पों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

### बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक 11 फरवरी को

**नलखेड़ा।** जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट में प्रारंभ होगी। अग्रणी जिला प्रबंधक, श्रीकांत सक्सेना द्वारा सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधकों को बैठक के एजेंडा अनुसार जानकारी तैयार कर, 9 फरवरी तक उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

### तीनों आरोपियों पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज, सीहोर जेल भेजे गए आरोपी

# हाईवे पर गोली चलाने वाला निकला राजस्थान का वांटेड हत्यारा, फरारी काटने आए थे मप्र

बता दें कि सोमवार को आष्टा के पास इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाड़ी को साइड देने की बात पर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपियों ने युवक फायरिंग कर दी थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा पुलिस थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर हुई गोलीबाजी के मामले में पुलिस ने जिन आरोपियों को दबोचा है, उनकी कुंडली खंगालने पर होश उड़ा देने वाले खुलासे हुए हैं। गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि राजस्थान का एक दुर्दांत हत्यारा है, जो पुलिस को चकमा देकर एमपी में छिपता फिर रहा था। पकड़े गए तीनों बदमाशों पर हत्या, लूट और डकैती जैसे दो दर्जन से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं।

बता दें कि सोमवार को आष्टा के पास इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाड़ी को साइड देने की बात पर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपियों ने युवक फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अमन उर्फ बाबर, शहनवाज और विक्की को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस ने इनसे सख्ती से पूछताछ की और राजस्थान पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर राजस्थान के बारा जिले में साल 2025 में हुई एक हत्या के मामले में फरार चल रहा है।





### अपराध की लंबी फेहरिस्त

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अमन उर्फ बाबर बेहद शातिर अपराधी है। उस पर राजस्थान के कोटा और बारा जिले में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। हत्या के बाद जब वह फरार था, तब भी उसने बारा जिले में फायरिंग कर हत्या के प्रयास की एक और वारदात को अंजाम दिया। बाबर मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में भी साल 2023 से हत्या के प्रयास के मामले में वांटेड है। वह पुलिस से बचने के लिए गुना और भोपाल के रास्ते इंदौर भाग रहा था, लेकिन आष्टा में उसकी किस्मत ने साथ नहीं दिया।

### साथी आरोपी भी हैं हिस्ट्रीशीटर

बाबर के साथ पकड़े गए उसके दोनों साथी भी जघन्य अपराधों के माहिर खिलाड़ी है। शहनवाज अंसारी उर्फ सोबू के खिलाफ कोटा शहर के थानों में हत्या के प्रयास, लूट और डकैती जैसे 9 गंभीर मामले दर्ज हैं। इसी तरह विक्की उर्फ राजा के विरुद्ध बारा जिले में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के 2 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं।

### सीहोर जेल भेजे गए आरोपी

आष्टा पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल सीहोर भेज दिया गया है। एसपी के निर्देश पर आष्टा पुलिस ने इन अपराधियों का विस्तृत रिकॉर्ड जुटाकर केस डायरी में शामिल किया है। अब राजस्थान पुलिस इनको प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जाएगी।

### 12 घंटे में खुलासाः खेत से केबल चोरी करने वाला आरोपी धराया



**भैरुंदा।** खेतों से केबल चोरी की वारदात का भैरुंदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई केबलें, अन्य सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 1 फरवरी को फरियादी ओमप्रकाश पंवार पिता शंकरलाल पंवार (28), निवासी किसान मोहल्ला भैरुंदा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम अतरालिया व रिछाड़िया कदीम के बीच स्थित श्री हरिहरानंद वेयरहाउस के पास से उसकी ट्यूबवेल मोटर में लगी सागर कंपनी की केबल, दूसरी ट्यूबवेल मोटर में लगी टेक्समो टार कंपनी की केबल, माइक्रो टारगेट कंपनी की टॉर्च तथा पड़ोसी रामनिवास बाकरिया के कुएं में डली अंकित कंपनी की केबल व टॉर्च अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इस पर थाना भैरुंदा में अपराध क्रमांक 62/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। तलाश के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम राज बारेला पिता नान सिंह पटेल (19), निवासी ग्राम बसंतपुर टाड़ी, थाना भैरुंदा बताया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी गई कुल चार केबल (210 फीट), अन्य सामग्री तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए आगे की विवेचना जारी रखी है।

# कलेक्टर ने ग्रामों में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

विगत दिनों जिले में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कानड़ क्षेत्र के ग्राम जस्साखेड़ी, भडभूंजी, कोलुखेड़ी एवं कुंडलाखुर्द का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का शीघ्र सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आंकलन करने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, तहसीलदार विजय सेनानी, किसान नेता डूंगर सिंह सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यानिकी अधिकारी व कृषक उपस्थित थे।

### युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 6 फरवरी को

**नलखेड़ा।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला) का आयोजन 6 फरवरी 2026 को शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां के सहयोग से प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान कर मौके पर ही मार्गदर्शन किया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री, स्नातक एवं स्नातकोत्तर निर्धारित की गई है। आवेदकों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। जिले के ऐसे युवा जो रोजगार, स्वरोजगार अथवा प्रशिक्षण के अवसरों की तलाश में हैं, वे युवा संगम मेले में सहभागिता कर विभिन्न अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय से कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

# रुपयों से भरे बैग की चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख रुपए से भरा बैग लेकर भागे थे

**सीहोर।** कोतवाली पुलिस ने रुपयों से भरे बैग की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

यह घटना 27 जनवरी की है। मंडीदीप निवासी शाविर अली सीहोर के नमक चौराहा स्थित शैलेंद्र अग्रवाल की दुकान पर व्यावसायिक भुगतान लेने आए थे। उन्होंने एक लाख रुपये नकद प्राप्त किए और उन्हें एक झोले में रखा था। कुछ देर बाद झोला गायब हो गया।



### दुकान से गायब किया था बैग

दुकान से झोला चोरी होने पर शाविर अली ने कोतवाली सीहोर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसी दौरान डावला माता निवासी तेरू पारदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### 15 हजार रुपए और बाइक जब्त

पूछताछ में तेरू पारदी ने बताया कि उसने अपने साथी लक्की पारदी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों ने चोरी किए गए एक लाख रुपये आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने आरोपी तेरू पारदी के पास से 15 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। शेष रकम की बरामदगी और फरार आरोपी लक्की पारदी की तलाश की जा रही है।

### भीड़भाड़ वाले बाजारों को बनाते थे निशाना

पुलिस के अनुसार, आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों में घूमकर उन लोगों को निशाना बनाते थे, जो नकद लेनदेन करते हैं। सही मौका देखकर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

### जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज

**नलखेड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग विषय पर प्रशिक्षण 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, आगर-मालवा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला स्तरीय कोर कमेटी, बाल कल्याण समिति, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक सहित संबंधित विभागीय अमले के उन्मुखीकरण किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत मार्गदर्शन एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी।

# सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा में हेल्थ केयर की छात्राओं ने लगाई मॉडल प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सांदीपनि विद्यालय की हेल्थ केयर की छात्राओं ने डीएनए, फिंगर प्रिंट, डाइजेस्टिव सिस्टम, एमआरआई मशीन, एक्स-रे मशीन, ऑपरेशन थियेटर, आइस स्ट्रक्चर, आईसीयू यूनिट, हेल्थी एक्सरसाइज यूनिट, लंग्स फंक्शन, हार्ट मॉडल, ट्रेकिया आदि मॉडल हेल्थ केयर की ट्रेनर शिवानी राठौर के निर्देशन में बनाए एवं हॉस्पिटल की विभिन्न यूनिट के बारे में जानकारी दी।

मॉडल प्रदर्शनी का आगर एडीपीसी सौरभ जैन, एपीसी दिनेश कुम्भकार एवं पीपल संस्था आईसीटी को-ऑर्डिनेटर श्रुति दुबे ने अवलोकन किया एवं छात्राओं से मॉडल संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे जिनके छात्राओं ने उत्तर दिए। मॉडल प्रदर्शनी में विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर, गतिविधि प्रभारी मुकेश चौरसिया, मंगलेश भाटी,





जीशान अली, राजेन्द्र वर्मा, बैजनाथ वर्मा, पंकज कारपेंटर, श्रेष्ठा चौरसिया, ममता पाटीदार, संगीता कटारा, इंदु दुबे एवं सोनम शेजवार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### नगर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल, जगह-जगह हुआ स्वागत

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भगवत वेद कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के माता जी रोड स्थित मांगलिक भवन में बुधवार से पंचदिवसीय श्रीमद् भगवत वेद कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन समिति द्वारा आर्य वीर दल व्यायाम शाला से निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों राजवाड़ा, बजरंग मोहल्ला, पीपल चौक, सदर बाजार, गोंदी चौराहा, स्वामी दयानंद मार्ग एवं पुराने बस स्टैंड से होते हुए कथा स्थल पहुंचा।

कलश यात्रा में कथा वाचक पंडित प्रकाश आर्य (महू, इंदौर) एवं पंडित काशीराम आर्य बग्गी पर सवार रहे, जिनका विभिन्न स्थानों पर पुष्पमालाओं एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। स्वागतकर्ताओं में राजवाड़ा चौराहे पर महेश सूर्यवंशी, बजरंग मोहल्ला में संदीप बैरागी व राजेश माली, पीपल चौक पर आनंद आर्य व अनिरुद्ध पालीवाल, सदर बाजार में पं. गोपाल त्रिवेदी, स्वामी दयानंद मार्ग पर, सिद्धनाथ चौधरी, संतोष शर्मा व अशोक सोलंकी, आर्य समाज मंदिर पर नरेंद्र नागर,









मोहनलाल आर्य व जगदीश आर्य तथा पुराने बस स्टैंड पर मनोज कुमार गुप्ता शामिल रहे।

संत रविदास मंदिर चौराहा पर गौरीशंकर सूर्यवंशी, बाबूलाल सूर्यवंशी, बाबूलाल मंडोर, विष्णु कुमरावत आदि ने स्वागत किया। झंडा चौक पर राजाराम, दुर्गाप्रसाद पेजवाल, सलमान खान ने स्वागत किया। वहीं माताजी रोड पर मनीष शर्मा व राजेश शर्मा ने भी स्वागत किया। यात्रा में गुरुकुल की कन्याओं द्वारा चलित हवन एवं योग प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। कथा के प्रथम दिवस पं. प्रकाश आर्य ने वेदों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन को सार्थक और मनुष्य को श्रेष्ठ बनाने के लिए वेदों की ओर लौटना आवश्यक है। उन्होंने संस्कृत में वेद मंत्रों का पाठ कर उनका भावार्थ समझाया तथा भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि वेद सत्य विद्या का मूल स्त्रोत हैं और उनका अध्ययन व प्रचार प्रत्येक आर्य का परम कर्तव्य है। कथा प्रारंभ से पूर्व वेद कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, जवान सिंह सगवालिया, अमृतलाल शर्मा एवं महिला समिति अध्यक्ष विजयलक्ष्मी माली, आरती गुर्जर, नीलम शर्मा, मांगूबाई आर्य, मंजू राठौर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

सर्वजातीय सामूहिक विवाह में कराया नि:शुल्क रूप से कन्याओं का विवाह, नवदंपति को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया

# भागवत कथा का समापन-प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया: जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित

वहीं कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने उद्धव और गोपियों के प्रेम और ज्ञान के संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि उद्धवमन नहीं दस-बीस, एक थो वो श्याम संग गयो, कौन अराधे ईश ज्ञानी उद्धव ब्रज की गोपियों का प्रेम देखकर सुध-बुध भूल गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस समिति के तत्वाधान में भव्य रूप से सर्व जाति सामूहिक विवाह उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कन्याओं विवाह पूर्ण विधि-विधान से किया गया। वहीं कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने उद्धव और गोपियों के प्रेम और ज्ञान के संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि उद्धवमन नहीं दस-बीस, एक थो वो श्याम संग गयो, कौन अराधे ईश ज्ञानी उद्धव ब्रज की गोपियों का प्रेम देखकर सुध-बुध भूल गया। गोपियों के प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया। भगवान का नाम जपना शुरू करो। गोपियों ने कहा उद्धव तुम्हारा ज्ञान तुम्हारे पास रखो। हमारा तन कृष्ण है, मन कृष्ण है और रोम-रोम कृष्ण है। उद्धव हमारा एक मन था और वह कृष्ण के साथ चला गया। अब हम भगवान का भजन किस मन से करें, मन दस बीस नहीं है। उद्धव ने हर तरीके से गोपियों को ज्ञान का उपदेश देने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। गोपियों का प्रेम उद्धव के ज्ञान पर हावी हो गया और ज्ञान प्रेम से हार गया। प्रेम ज्ञान से बड़ा होता है। प्रेम से भगवान को पाया जा सकता है। प्रेम ही पत्थर में भगवान देख सकता है। प्रेम से संसार को जीता जा सकता है।

मंगलवार को भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग का वर्णन किया। इसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। एक समय भगवान श्री कृष्ण उदास बैठे थे, तभी उनके मित्र व परम भक्त उद्धव जी उनके पास आए और उनसे पूछा कि हे वासुदेव ऐसी कौन सी बात है, जिससे आप उदास हैं। तब श्री कृष्ण ने कहा कि हमें गोपियों की याद सता रही है।

आप गोकुल जाओ और गोपियों को समझाओ कि कृष्ण जल्द गोकुल लौटेंगे। जब उद्धव ने गोपियों से श्रीकृष्ण प्रेम मोह छोड़ने की बात कही तो गोपियों ने कहा कि जिसे प्रेम का ज्ञान नहीं, वह ज्ञानी नहीं हो सकता। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम देख उद्धव का अभिमान चूर चूर हो गया। शहर के छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस सभी के सहयोग से भव्य रूप से अनेक कन्याओं का एक साथ निशुल्क सामूहिक विवाह पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कथा के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

## 'राधा' की अनोखी अंतिम यात्रा:ढोल-नगाड़े बजाए पटाखे फोड़कर वैदिक मंत्रों के साथ दी गई विदाई



**भैरूंदा।** सीहोर जिले के भैरूंदा क्षेत्र अंतर्गत लाचौर गांव में आस्था, संवेदना और परंपरा का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। यहां भाजपा नेता श्यामलाल मीणा के परिवार ने अपनी पालतू गाय 'राधा' के निधन पर उसका अंतिम संस्कार पूरे वैदिक विधि-विधान और सम्मान के साथ किया। यह अंतिम यात्रा किसी इंसान की शवयात्रा से कम नहीं थी—ढोल-नगाड़ों की गूंज, पटाखों की आवाज और मंत्रोच्चार के बीच गांव की गलियों से गुजरती यह यात्रा चर्चा का विषय बन गई। बताया गया कि गाय 'राधा' पिछले कई वर्षों से मीणा परिवार के यहां रह रही थी। परिवार के लोग उसे महज एक पशु नहीं, बल्कि घर के सदस्य की तरह मानते थे। परिवार का कहना है कि राधा ने वर्षों तक घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। उसके अचानक निधन से परिवार शोक में डूब गया, लेकिन साथ ही उन्होंने उसे उसी श्रद्धा और सम्मान के साथ विदा करने का निर्णय लिया, जैसा परिवार के किसी बुजुर्ग सदस्य को दिया जाता है। गाय की अंतिम यात्रा बैलगाड़ी पर निकाली गई। बैलगाड़ी को फूलों से सजाया गया था। आगे-आगे ढोल-नगाड़े बजते रहे और बीच-बीच में पटाखे फोड़े गए। यात्रा के दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चारण होता रहा। गांव के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में इस शवयात्रा में भाग लेकर 'गौ-माता' को श्रद्धांजलि अर्पित की। कई ग्रामीणों की आंखें नम नजर आईं।

अंतिम संस्कार स्थल पर पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार किया गया। पंडितों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार संस्कार संपन्न कराए गए। परिवार के सदस्यों ने भावुक होकर गाय को अंतिम विदाई दी। श्यामलाल मीणा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। हमारे लिए राधा केवल गाय नहीं थी, बल्कि परिवार का अभिन्न हिस्सा थी। इसलिए उसका अंतिम संस्कार भी पूरे सम्मान के साथ किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि आज के समय में जहां पशुओं के प्रति संवेदनाएं कम होती जा रही हैं, वहीं लाचौर गांव की यह घटना समाज के लिए एक संदेश है। यह दिखाता है कि परंपरा, आस्था और करुणा आज भी जीवित हैं। गांव के सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने इस पहल की सराहना की। पूरे क्षेत्र में यह अनोखी अंतिम यात्रा दिनभर चर्चा में रही। लोग इसे भारतीय संस्कृति में निहित पशु-प्रेम और मानवीय मूल्यों का उदाहरण बता रहे हैं। लाचौर गांव की यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि जिलेभर में एक अलग पहचान बना गई है—जहां एक गाय को परिवार के सदस्य की तरह सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई।

## फौजी हम कैसे बनेंगे, मैदान पर अतिक्रमण, रिहर्सल कहां करें?

**चुपाडिया के खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाकर सीमांकन कराने की हुई मांग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चुपाडिया के खेल मैदान पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई में पहुंचकर ग्रामीणों और खिलाडिय़ों ने खेल मैदान से अतिक्रमण हटवा कर सीमांकन बाउंड्रीवाल एवं तार फेंसिंग कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

चुपाडिया ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता परमाल ने भी जनपद पंचायत आष्टा और जिला पंचायत कार्यालय को खेल मैदान पर अतिक्रमण होने से अवगत कराया है। जनसुनवाई में पहुंचे खिलाडिय़ों और ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर 24 खसरा नंबर 427/4(5) पर बने मैदान पर ग्राम सहित आसपास के कई ग्राम के बच्चे खेलने आते हैं। इसी मैदान पर ग्राम से लेकर मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित होती है। देश सेवा के लिए भारतीय सेना में जाने वाले लड़के और विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले गांव के खिलाडिय़ों के द्वारा इसी खेल मैदान पर अभ्यास रिहर्सल किया जाता है।

ग्राम के एक मात्र मैदान पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है मैदान पर गहरे गडढ़े किए जा रहे है। खेल मैदान से मिट्टी खोदी जा रही है। आवेदन के बावजूद पटवारी एवं आर.आई. इस मामले में कोई रुचि नहीं ले रहे है। खेल मैदान को सुरक्षित कराने के लिए मुकेश परमल,भानु प्रताप सिंह, अरुण सिंह, राहुल सिंह, दीपक सिंह, शिवपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह लाला राठौर, विनोद सिंह, जीवन सिंह, दीपक सिंह परिहार, राकेश सिंह आदि ने जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर पत्र दिया है।

### हाउसिंग बोर्ड गेट पर लगता है जाम

**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की ओर आने-जाने वाले लोग खासे परेशान हो रहे हैं। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड रेलवे गेट पर आरओबी बनाने वाली कंपनी ने यहां सही तरह से एप्रोच रोड नहीं बनाया है। जिसके कारण खराब रास्ते से वाहनों को निकलना पड़ता है। मिट्टी के लगे ढेर पर वाहनों के पलटने का डर बना रहता है। ऐसे में यहां बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## पीएमश्री शासकीय स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**सीहोर।** मंगलवार को नगर के मंडी स्थित पीएमश्री शासकीय स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 22 की पार्षद अनुशा राठौर तथा पीटीए अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाबी, सेवानिवृत शिक्षक आर. के. शर्मा, नसीम अख्तर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने की।



सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथि स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने स्वागत भाषण दिया और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य, भाषण, समूह नृत्य, नाटक आदि की प्रभावी प्रस्तुतियां दी गईं। अतिथियों एवं स्कूल के स्टाफ द्वारा तालियां बजाकर बच्चों की हौसला अफजाई की गई।

इसके बाद अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को तथा सालभर की खेल गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को उपहार, शील्ड व प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षिकाएं एबं शिक्षक व आमंत्रित अतिथिगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन शर्मिला जैन ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन शिवराज सिंह पवार ने व्यक्त किया।

## पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग का समापन

**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 ,सीहोर में, व्यवसायिक शिक्षक अमित जैन और दुष्यंत छोकर के माध्यम से पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं , पूर्व छात्रों की उपस्थिति में विशेषज्ञ और अधिकारी गणों ने 27 जनवरी से 31 जनवरी तक करियर काउंसलिंग के अंतर्गत विद्यार्थियों को डिजिटल प्रशिक्षण, विषय अनुरूप प्रशिक्षण, रुचि अनुरूप प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, विभाग अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने उक्त प्रशिक्षण को छात्रों की पहली आवश्यकता माना है। उन्होंने बताया कि छात्रों को करियर काउंसलिंग का मार्गदर्शन देना, और छात्रों को अपना रुचि पूर्ण करियर चुनना ही, इस करियर काउंसलिंग का उद्देश्य है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी श्री अशोक वर्मा सहित, डॉक्टर देवेंद्र साहू, महेश वर्मा, अरविंद पटेल, राजकुमार मेवाड़ा, जितेंद्र परमार, श्रेष्ठी जायसवाल, ललित मोहन अहिरवार प्रीति पबिया, सविता ठाकुर , लक्ष्मी नारायण आहूजा, इरफान पठान, अंकुर परमार, राकेश सेन सहित जिला कलेक्ट्रेड के प्रशासनिक अधिकारी अजय शाह, विवेकानंद कॉलेज के परवेज कुरैशी सर कैरियर काउंसिलिंग में उपस्थित रहकर छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।




बालिका क्रिकेट टीम ने सांसद कप में रचा इतिहास, बांटे गए पुरस्कार

# फाइनल मुकाबला मात्र 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिखाई दमदार खेल भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

सांसद कप बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भैरूंदा मंडल बुधनी विधानसभा (बोरखेड़ा कलां) की बालिका क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल में एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद फाइनल मुकाबले में भी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 3 ओवर में ही जीत सुनिश्चित कर ली। इस ऐतिहासिक जीत से क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल बन गया।



फाइनल मुकाबला सांची बालिका क्रिकेट टीम और भैरूंदा मंडल बुधनी विधानसभा (बोरखेड़ा कलां) बालिका टीम के बीच खेला गया। बुधनी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। निर्धारित 8 ओवर के मुकाबले में सांची बालिका टीम की बल्लेबाजी बेहद साधारण रही और पूरी टीम केवल 44 रन ही बना सकी। बुधनी की ओर से सुहाना धावरे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 6 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिससे सांची टीम दबाव में आ गई।

44 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुधनी की सलामी जोड़ी निशा पंवार और दीक्षा पंवार ने आक्रामक लेकिन संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों ने बिना कोई विकेट गंवाए मात्र 3 ओवर 3 गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही बुधनी बालिका टीम ने सांसद कप पर कब्जा जमाया और प्रतियोगिता में अपना दबदबा साबित किया।

प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए निशा पंवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एवं प्लेयर ऑफ द फाइनल के खिताब से नवाजा गया। उनकी शानदार बल्लेबाजी और पूरे टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी विधानसभा की कप्तान अंजना मरकाम को विजेता टीम के साथ 4 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। मंत्री चौहान ने बालिकाओं के खेल कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां अब खेल के क्षेत्र में भी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। बुधनी विधानसभा की इस ऐतिहासिक जीत पर विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, भैरूंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, तथा पावर मेक कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद अन्ना सहित कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने टीम को शुभकामनाएं दीं। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल सुविधाएं और प्रोत्साहन बढ़ाने की बात कही। भैरूंदा बालिका क्रिकेट टीम की यह जीत न केवल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आने वाली पीढ़ी की बेटियों के लिए प्रेरणा भी बनेगी।

## हिंदी विभाग और भारतीय जान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में हिंदी विभाग और भारतीय जान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में, शासकीय चंद्रशेखर आजाद पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय के प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा का व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में श्री शर्मा द्वारा हिंदी साहित्य के माध्यम से युवा पीढ़ी में व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। भारतीय सिनेमा, हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में हिंदी रचनाकारों द्वारा रचे गए ग्रंथों में व्यक्तित्व विकास की संभावनाओं पर श्री शर्मा द्वारा विस्तार से व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभाग के चित्रांश खरे द्वारा किया गया। संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉ. पूजा कश्यप द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में की अध्यक्षता शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंजरी अग्निहोत्री द्वारा की गई। कार्यक्रम के अंत में रमाकांत रिछारिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। व्याख्यान में डॉ राजेश बकोरिया, डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ गरिमा सिंह, डॉ नीता मिश्रा, डॉ नेहा शर्मा, डॉ नूरजहां हाशमी, डॉ नाजिम हुसैन, डॉ भारती सक्सेना, अनिल भलावी, डॉ मंगला रायबोले, विशाल राय, डॉ अफरीदा हाशमी, दानिश सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को उसका दूर का रिश्तेदार बीती 2 फरवरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### उनि राहुल कुमार निलम्बित

**ललितपुर।** आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती पत्र के निस्तारण में पुरानी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर देने के मामले को पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गंभीरता से लिया है। देर रात एसपी ने थाना बार में तैनात उप निरीक्षक राहुल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के आदेश जारी किये है।

### युवक पैर फिसलकर छत से गिरकर घायल

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र में रहने वाले संतोष विश्वकर्मा वर्तमान में थाना मड़ावरा के ग्राम सौंरई में निवासरत हैं। बीती देर रात जब संतोष छत पर था, तभी साबुन के झाग पर उसका पैर फिसल गया, जिससे वह करीब 10 फुट ऊंची छत से सीधा नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संतोष को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 52 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

### कल्याण सिंह सभागार में आयोजित मेगा कृषि आउटरीच में महिला शक्ति पर जोर

# समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीकः डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पंजाब नैशनल बैंक, अग्रणी बैंक द्वारा कल्याण सिंह सभागार, ललितपुर में मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन मण्डल प्रमुख श्री राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी ने पंजाब नैशनल बैंक द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और आह्वान किया कि महिला शक्ति को आर्थिक रूप से संबल बनाने के लिए इस तरह के आयोजन प्रत्येक ब्लाक स्तर पर भी बढ़ाना चाहिए और ग्रामीण स्तर भी इस तरह के आयोजन करके बैंकिंग सेवाओं की जानकारी बढाने के उपाए किए जाने चाहिए। समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, तभी हम विकसित भारत की संकलपना को पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने द्वारा लिए गए ऋणों को जमा करें और अपनी क्रेडिट स्कोर को सुधार कर अपने ऋणों की राशि बढ़ाकर अपने व्यापार और कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा दें। बैंक से ऋण लें और ग्रामीण सेठ साहूकारों के चुंगल से मुक्ति पाएँ। बैंक द्वारा जारी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने उपस्थित जन समूह को शिक्षा का महत्त्व बताते हुए कहा कि वे सभी लाभार्थियों के अपनी नई पीढी को आर्थिक रूप से शिक्षित करें। कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद ने कृषि आधारित योजनाओं की जानकारी दी और सभी उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान किया कि वे अपने परिवार को सशक्त और संबल बनाएँ। मंडल प्रमुख राजकुमार ने बैंक के विजन को बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर उस नारी शक्ति को सशक्त बनाना है जो अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारकर अपने परिवार को सशक्त बनाना चाहती है और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कृषि या उससे जुड़ी गतिविधियों से जुड़कर अपनी समृद्धि के रास्ते खोलना चाहती है। हमारा बैंक हर कदम पर उसके साथ खड़ा है और उसको आर्थिक मदद करना चाहता है। उप अंचल प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बैंक के विजन को साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन देश भर में किए जा रहे हैं। सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक हमारे देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों। हमारा बैंक किसानों के लिए विभिन्न प्रकार कृषि ऋण और उससे जुड़े उपकरण और सभी रोजगार परक जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, वेयर हाउस, मधुमक्खी पालन, स्वयं सहायता समूह आदि के लिए ऋण उपलब्ध कराता है।

मंडल प्रमुख ने बताया की आज के इस आयोजन में स्वयं सहायता समूह में 6 करोड़ से अधिक के 102 लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड में 673 ग्राहकों को लगभग 24 करोड़ के और किसान गोल्ड कार्ड में 176 लाभार्थियों को 12 करोड़ और पशुपालन के लिए 163 लाभार्थियों को लगभग 03 करोड़ के ऋण वितरित किए गए। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं में भी हमारा बैंक हमेशा अग्रणी रहता है। अभी तक ललितपुर जिले में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 3174, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 16086 और अटल पेंशन योजना में 6171 लाभार्थियों को कवर किया है। इस आयोजन में सभी मुख्य अतिथि और प्रशासनिक अधिकारियों सहित मण्डल प्रमुख राजकुमार, उप मंडल प्रमुख धीरेन्द्र कुमार शशि, मुख्य प्रबन्धक कमलेश सरन, वरिष्ठ प्रबन्धक मुकेश पटेल, चित्रांशु और ललितपुर जिले की शाखाओं के शाखा प्रभारी, कृषि अधिकारी और सम्मानीय ग्राहक गण उपस्थित रहे। स्वयं सहायता समूह आधारित ऋण एक्सपो में करीब 350 महिलाओं ने सहभागिता की और कार्यक्रम का सफल और सारगर्भित संचालन राजभाषा प्रबन्धक जीतेंद्र कुमार अहिरवार और मुख्य अतिथि और सभी प्रशासनिक अधिकारियों और सम्मानित ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापन अग्रणी जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार ने किया।

---

### भाजपा ने प्रेस वार्ता में कहा

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर हाल ही में केंद्रीय सरकार द्वारा जारी सर्वस्पर्शी बजट को लेकर पत्रकारों से चर्चा की गई। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने बताया कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बजट है। उत्तर प्रदेश में हाई स्पीड रेल और रेल विस्तार को गति देने वाला आदर्श बजट है। कैंसर सहित दुर्लभ बीमारियों की सत्रह जीवनरक्षक दवाएं सस्ती कर आम आदमी को राहत प्रदान की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की कनैक्टिविटी होने से उद्योगों की लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। पन्द्रह हजार स्कूल और पांच सौ कालेजों में विशेष लैब की व्यवस्था करने से बैज्ञानिक शिक्षा में इजाफा होगा। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि यह केन्द्रीय बजट सर्वस्पर्शी सार्वभौमिक, राष्ट्र को समर्थ बनाने बाला बजट है जो अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु सृजित किया गया है। इसमें वायो फार्मा क्षेत्र में दस हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था कर इस क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया गया है।हर जिले में गर्ल्स होस्टल खोलने से कामकाजी और शिक्षा प्राप्त कर रही मातृशक्ति को बहुत लाभ होगा। परम्परागत उद्योगों के आधुनिकीकरण हेतु भारी बजट का प्रावधान किया गया है ताकि इन उद्योगों को विकसित कर विश्ववाजार में प्रतिस्पर्धी वना कर इसके विक्रय को नया बाजार मिल सके। जिला संयोजक प्रदीप चौबे ने कहा कि नदी जोड़ो योजना के अन्तर्गत केन ,वेतवा परियोजना हेतु आठ सौ करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह योजना पूरी होने से ललितपुर सहित बुन्देलखण्ड को बहुत लाभ होगा। औद्योगिक कारीडोर के लिए छप्पन हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है इस के माध्यम से उद्योगों को कर्ज, सब्सिडी,एवं अन्य विकास के कार्य हेतु मदद मिल सकेगी। पत्रकार वार्ता के अन्त में जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, कार्यक्रम संयोजक प्रदीप चौबे, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, रमेश कुमार खटीक, भाजपा के प्रांतीय परिषद के सदस्य शशिशेखर पांडेय,सह मीडिया प्रभारी ध्रुव सिंह सिसौदिया, रुपेश साहू,गौरव गौतम, जगभान सिंह लोधी एड , सुनील मिश्रा मसोराखुर्द आदि उपस्थित रहे।

---

## पाली महोत्सव : कबड्डी लीग मुकाबलों में पुरुष व बालिका की प्रतियोगिताएं संपन्न

**पाली।** नगर में आयोजित पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2026 के सातवें दिन खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस अवसर पर कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग एवं बालिका वर्ग की लीग प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और जोश के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। महोत्सव के सातवें दिन आयोजित कबड्डी लीग सीजन में नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों के बीच कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद लक्ष्मी रजक, पार्षद गीता देवी, पार्षद रुक्मिणी कुशवाहा एवं रानू तिवारी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। लीग मुकाबलों के अंतर्गत पाली बनाम बिरधा, हरियाणा बनाम उन्नाव, उन्नाव बनाम मालथौन, हरियाणा बनाम सागर, विदिशा बनाम पाली, उन्नाव बनाम सागर, सागर बनाम खिरिया सरकार एवं हरियाणा बनाम सागर के बीच मुकाबले खेले गए। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैचों के दौरान स्कोरिंग, एम्पायरिंग एवं कॉमेंट्री की जिम्मेदारी अरविंद राजपूत, कृष्ण प्रताप सिंह, तरुण शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, अर्चना किरार एवं पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा कुशलता पूर्वक निभाई गई। उनकी सक्रिय भूमिका से प्रतियोगिता का संचालन व्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने उपस्थित खेल प्रेमियों, अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पाली खेल एवं मेला महोत्सव का मुख्य उद्देश्य नगर एवं आसपास के क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल भावना का विकास होता है और वे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं।

---

### कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, नारेबाजी कर कार्रवाई करने की मांग उठाई

# वोट काटने को लेकर सपा ने भाजपा पर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सत्यप्रकाश के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर कर कई बूथों पर फार्म सात (मतदाता सूची से नाम हटाने का प्रारूप) के माध्यम से लोगों का नाम कटवाने की साजिश का पर्दाफाश किया।

उन्होंने नाम काटे जाने के संबंध में कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर चिन्हित बूथों पर फार्म सात भेजा गया हैं। इसके बाद भाजपा के लोग साजिस के तहत बीएलओ पर नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि भाजपा के मंडल और बूथ अध्यक्ष बीएलओं को देकर लोगों का नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। उन्होने दावा किया कि सपा कार्यकर्ताओं ने कई बूथों पर गड़बड़ी को पकड़ लिया हैं समाजवादी पार्टी ने दावा किया कि ललितपुर विधानसभा के बूथ नंबर 492 सेंट्रल पब्लिक स्कूल आजादपुरा, बूथ नंबर 430, 431, 432, 433, 434 नदीपुरा, बूथ नंबर 523, 524, 525, 526 नेहरू नगर सहित पूरे जनपद में विभिन्न बूथों पर बनाए हुए वोटरों के जिन्होंने अभी एस आई आर प्रक्रिया पूरी की है। उनके फार्म नंबर 7 भरकर बीएलओ के पास जमाकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में भारी आक्रोश है, साथ ही वोटर मानसिक दबाव में भी है। सपा कार्यकर्ताओं ने इस प्रकरण का पर्दाफाश कर दिया। उन्होने दावा किया कि वोटरों के नाम मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश चल रही हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर यह काम किया जा हैं। ललितपुर विधानसभा के अलावा उन्होंने महरौनी विधानसभा के बूथों में भी गड़बड़ी करने का मुद्दा उठाया। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले का संज्ञान नहीं लिया गया तो पार्टी विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान पूर्व महिला सभा जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, आशीष चौबे, विधाकांत मालवीय, मो.अनवर खान, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर पूर्व पार्षद, नगर अध्यक्ष अभि खजुरिया, हरिसिंह यादव जिजयावन, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष ह्रदेश यादव मुखिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, नगर महासचिव एड विजय कुमार सिंह, राममूर्ति तिवारी, चंदन पटेल, राजेश झा, एड पुष्पेंद्र यादव, यशपाल सिंह बछरावनी, प्रमोद इमलिया, अरविंद परिहार, चंद्रपाल यादव मौजूद रहे।

---

### ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

# देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में तोड़फोड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने एकराय होकर ताला तोड़ा, सीसीटीवी कैमरे तोड़े, डीवीआर ले गये और दुकानों में रखी देशी व अंग्रेजी शराब को लूट लिया। लूटी गयी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया। लाखों रुपये की शराब बर्बाद करने, लूटपाट करने और सेल्समैनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये लोक व्यवस्था भंग करते हुये सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने के मामले में अब प्रशासन और पुलिस सख्त हो गयी है। आबकारी ठेकेदारों की तहरीर पर आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है।

कोतवाली महरौनी के ग्राम सिलावन में रहने वाले रोहित राय पुत्र रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ग्राम खितवांस में कम्पोजिट शराब की दुकान आवंटित है। बीते मंगलवार को अपराह्न करीब 12.30 बजे ठेका देशी शराब में सेल्समैन ग्राम खजुरिया निवासी हितेन्द्र कुमार राय पुत्र भगवानदास व प्रवेन्द्र राय पुत्र रामप्रसाद मौजूद थे। इसी बीच खितवांस के विक्रम पुत्र गोवद्र्धन, बलराम पुत्र हरीराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकान्त, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद्र, संतोष पुत्र पुनू, फूलचंद्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनु कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, ललिता पत्नी गोपी, गुलाबबाई पत्नी पुनू, कमलेश पत्नी जुजू उर्फ बद्रीप्रसाद, अंशुल पुत्र कौशल किशोर व अन्य कैमरे में कैद कई लोगों ने एकराय होकर सेल्समेन से कहा कि उनके परिजनों ने शराब में बहुत पैसा दिया है। अब सभी को दो-दो लाख रुपये दो नहीं तो दुकान चलाने नहीं देंगे और तोड़ देंगे। सेल्समैनों ने जब मना किया तो उक्त लोगों ने दुकान में जबरन घुसकर सेल्सेमैनों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर वहां पर लगे पांच सीसीटीवी कैमरे बीयर का फ्रिज तोड़ दिया। मारपीट में सेल्समैन घायल हो गये और वह जान बचाकर भाग गये। लोगों ने दुकान में घुसकर 80 पेटी अंग्रेजी शराब व 100 पेटी बीयर व रुपयों की पेटी तोड़कर बाहर रोड पर पटककर तोड़ दिया। इससे रोड जाम हो गयी और लोक व्यवस्था भंग हुयी। सूचना पर आबकारी विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची, इसके बावजूद भी काफी देर से लोगों को हटाया गया। आरोप है कि पूरे घटनाक्रम को ग्राम प्रधान कमलेश झां पुत्र हरीराम झां द्वारा लोगों को पंचायत भवन में बुलाकर षडय़ंत्र कर अंजाम दिया गया है। पुलिस ने रोहित राय की तहरीर पर नामजद व कैमरे में कैद लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 191 (2), 191 (3), 126 (2), 333, 119 (1), 61 (2), 324 (5), 352 व आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1932 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

इधर शेख का कुआं महरौनी निवासी प्रदुम्न दुबे पुत्र प्रकाश दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर अपराह्न 12 बजे उसकी खितवांस स्थित देसी शराब की दुकान में विक्रम पुत्र गोवद्र्धन, बलराम पुत्र हरिराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकांत, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद्र, संतोष पुत्र पुनू, फूलचंद्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनू कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, गुडडी पत्नी रामसिंह, भूरी पत्नी काशीराम अहिरवार, गीता पत्नी कलूटे आदि ने मारपीट की।

---

## टीम ने सीएचसी का किया भौतिक सत्यापन, मरीजों से जानकारी ली

बार (ललितपुर)। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आंकलन करने के लिए शासन की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार एवं इसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई एवं अभिलेखों की जांच की। टीम ने सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान औषधि कक्ष, एनआरसी, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य विभागों का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की गई। मेटरनिटी विंग में जाकर टीम ने प्रसूताओं से बातचीत की तथा बच्चों के टीकाकरण, पोषण, मां का दूध एवं शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारोंन, बानपुर एवं गदयाना का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई, टीकाकरण, डेली मेडिकल रिकॉर्ड, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की गई। टीम ने मरीजों से संवाद कर शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ की जानकारी भी ली। शासन टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य केंद्र टोड़ी, देवरान एवं हीरापुर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण दल में प्रमुख रूप से डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. अमित कुमार सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक बार डॉ. नवनीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं एएनएम उपस्थित रहे।

---

## 10 साल पहले सरकारी लोहिया बस रोककर की थी मारपीट, अपमानित करने के मामले में सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

इकतीस अगस्त 2016 को झांसी बस डिपो की सरकारी लोहिया बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 7160 को लेकर बालाबेहट से झांसी ले जाते समय ग्राम बम्हौरीवंशा के निकट दबंगों ने बस को रोका और ड्राइवर व परिचालक से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया था।

इस प्रकरण में बस डिपो के परिचालक जिला फतेहपुर के असोथर आकूपुर निवासी अशोक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने महेन्द्र यादव व सोनू यादव पुत्रगण कमल सिंह यादव व एक अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 353, 332, 323, 504, 506 व एससी एसटी एक्ट की धारा 3(1)(10) के तहत एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। इस प्रकरण में डीजीपी लखनऊ के आदेश, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के अभियान के तहत ग्राम बम्हौरीवंशा निवासी महेन्द्र यादव पुत्र कमल सिंह यादव को सजा दिलायी गयी है। बताया गया है कि थाना बालाबेहट में दर्ज अभियोग में डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना बालाबेहट पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए 02 फरवरी 2026 को न्यायालय एडीजे/एससीएसटी एक्ट महेन्द्र यादव को दोषी पाते हुए 03 वर्ष के कारावास की सजा व 10 हजार रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

---


### साहित्यिक विरासत को नई पहचान देने झांसी में सजेगा साहित्य का महाकुंभ

# बुंदेलखंड लिटरेचर फेस्टिवल 5.0 छह से शुरू होगा

### देश-दुनिया के प्रख्यात साहित्यकार कलाकार और पत्रकार करेंगे वैचारिक विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक विरासत को वैश्विक पटल पर नई पहचान देने के उद्देश्य से बुन्देलखण्ड लिटरेचर फेस्टिवल (बीएलएफ) का पांचवां संस्करण आगामी 06 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। झांसी के जनरल बिपिन रावत शहीद पार्क में आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय उत्सव कला, साहित्य, लोक संस्कृति, सिनेमा और पत्रकारिता के बहुआयामी संवाद का साक्षी बनेगा। फेस्टिवल का आगाज शुक्रवार को आचार्य अंशुल नायक द्वारा संपन्न कराए जाने वाले वैदिक मंगलाचरण से होगा। उद्घाटन सत्र में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन प्रो. बलराम पाणि, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, झांसी मंडल आयुक्त विमल कुमार दुबे और चर्चित पत्रकार ऋचा अनिरुद्ध बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे।




### कला, सिनेमा और डिजिटल कंटेंट पर चर्चा होगी

तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पंचायत वेब सीरीज के अभिनेता फैजल मलिक, अभिनेत्री निधि बिष्ट, फिल्म निर्देशक तरुण डुडेजा और कास्टिंग डायरेक्टर अनमोल आहूजा डिजिटल युग की चुनौतियों और सिनेमा के बदलते स्वरूप पर संवाद करेंगे। इसके अलावा, पद्मश्री शोभना नारायण कथक की साधना और मूर्तिकार अभिषेक कुमार सिंह कला के विभिन्न आयामों को रेखांकित करेंगे।

### क्षेत्रीय संस्कृति को मिलेगा वैश्विक मंच

आयोजकों के अनुसार, इस फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य बुन्देलखण्ड की माटी से जुड़े विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और झांसी को साहित्य व संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। आयोजन में देश भर से आने वाले शिक्षाविद, लेखक और युवा रचनाकार हिस्सा लेंगे।

### बुंदेली लोक कला का जादू दिखेगा

आयोजन में क्षेत्रीय लोक कलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। बुन्देली लोक गायिका साक्षी पटेरिया, आल्हा गायक जितेन्द्र चौरसिया और कवि विदित नारायण बुधौलिया लोकस्मृति को जीवंत करेंगे। समापन के अवसर पर 'पर्ल्स ऑफ बुन्देलखण्ड' सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### विविध विषयों पर सत्र होगा

फेस्टिवल के दौरान काशी की ज्ञान परंपरा, भारत की विदेश नीति में धार्मिक पर्यटन, जनजातीय विमर्श, और खेल जगत से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा होगी। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, संयुक्त सचिव (विदेश मंत्रालय) अंजु रंजन, अर्जुन अवॉर्डी रचना गोविल और कर्नल सुकेश वर्मा (शौर्य चक्र) जैसे प्रतिष्ठित वक्ता शिरकत करेंगे।

### एडिशनल एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस में किया खुलासा, आरोपियों से माल भी जब्त

# पुलिस के हत्थे चढ़े ठगी और हाईवे पर लूट के शातिर अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भोले-भाले लोगों को तरह-तरह से झांसे में लेकर ठगी के नित नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, पुलिस भी ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अपने पुख्ता मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण सहित अन्य माध्यमों से अपराधों का जल्द पड़ताल कर रही है। विगत दिनों जिले के पचोर शहर में झाड़फूंक से इलाज करने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ हुई करीब 2 लाख 50 हजार रुपए की ठगी का पुलिस ने खुलासा किया है। इसके साथ ही हाईवे पर हुई लूट के एक अन्य मामले पर से भी पुलिस ने पर्दा उठाया है। एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने मंगलवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में आयोजित एक प्रेसवार्ता में दोनों मामलों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

#### मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर लेता था झांसे में

गत 30 जनवरी को पचोर में जीतेंद्र सिलावट निवासी इंदौर झाड़फूंक से बीमारी ठीक करने का झांसा देते हुए अज्ञात आरोपी ने 2 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनी टीम ने घटना के महज पांच दिनों में ठगी को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से ठगी की पूरी राशि भी जब्त कर ली गई है। एडिशनल एसपी बंजारे ने बताया कि हमारी टीम ने अपने मुखबिरों, तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आनंद पिता जगदीश बैरागी को इंदौर से धर-दबोचा। आरोपी आनंद बस स्टैंड सार्वजनिक स्थानों पर अकेले व्यक्तियों को चिन्हित करता और उनकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें ऐसे झांसे में लेता था कि भ्रमित व्यक्ति तत्काल उसकी बातों में आ जाया करते थे। आरोपी के पास से ठगी गई पूरी नकद राशि व घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है।

#### हाईवे पर लूट के आरोपी भी धराए

गत दिवस ब्यावरा-भोपाल हाईवे पर कार सवार के साथ हुई लूट के आरोपियों को भी पुलिस ने धर-दबोचा है। पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी को गोपाल यादव निवासी ग्राम खानपुरा अपनी कार से भोपाल जा रहे थे। इस दौरान तीजबड़ली के नजदीक 3 अज्ञात व्यक्तियों ने कार रुकवाई। गोपाल यादव कुछ समझ पाते इसके पहले लुटेरों ने उनकी आंख में मिर्च डाल दी। इस मामले में भी सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल टेकिंग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। इस वारदात को राजस्थान के इकलेरा क्षेत्र निवासी संजय मीणा, रजीत मीणा और जीतमल मीणा ने अंजाम दिया था।

### खिलचीपुर क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ियों का किया निरीक्षण

# जिपं सीईओ ने खुद चखकर जांची मिड-डे मील की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों में बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन प्रदाय करने, शिक्षकों के नदारत रहने, आंगनबाड़ियों के अक्सर बंद रहने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ ने मंगलवार दोपहर खिलचीपुर क्षेत्र के कुछ स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गढ़पाले सुबह 10 बजे जनपद कार्यालय पहुंचे जहां कुछ कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने पर उनका आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए। घोघटपुर स्कूल पहुंचने पर उन्होंने बच्चों के साथ भेंटकर भोजन करते हुए मिड-डे मील की क्वालिटी चेक की। हालांकि, प्रदाय भोजन गुणवत्तापूर्ण पाया गया। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुंवरजी की बड़ली जैतपुराकलां पहुंचे जहां एक शिक्षक के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने कार्यवाही हेतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम घोघटपुरा के निरीक्षण में व्यवस्थित शमशान घाट पर उन्होंने पंचायत के जिम्मेदारों की प्रशंसा की।

#### लापरवाहों को नोटिस जारी करने के निर्देश

घोघटपुर गांव में निरीक्षण में आंगनवाड़ी व्यवस्था भी संतोषप्रद नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा में ज्ञात हुआ कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक नहीं है और प्रसूताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गढ़पाले ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जल सरंचना स्टाप डेम का भी निरीक्षण किया।

### हालाहेड़ी गांव का मामला

# स्कूल परिसर में कब्जा, शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण




**राजगढ़।** जिले में सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे किए जा रहे हैं। ताजा मामले में ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत भूरा के ग्राम हालाहेड़ी स्थित सरकारी स्कूल परिसर में ही गांव के कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों द्वारा इस बारे में ब्यावरा जनपद एवं तहसील में गुहार लगाने के बाद भी जब शिकायत का हल नहीं निकला तो कई ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे जहां एसडीएम निधि भारद्धाज को उन्होंने अवैध कब्जे संबंधी पूरी जानकारी प्रदान की। ग्रामीणों ने बताया कि हालाहेड़ी के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने खेतों की बागड़ स्कूल के अंदर तक पहुंचा दी गई है। स्कूल के लिए करीब 4 बीघा जमीन आबंटित है लेकिन बेजा कब्जे के चलते महज एक बीघा जमीन ही रह गई है। ऐसे में विद्यालय की खेल-कूद गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसके साथ ही खाली जगह पर कभी-कभार जो सामाजिक, धार्मिक या अन्य आयोजन कर लिया करते थे, वे भी अवैध कब्जों के कारण नहीं हो पा रहे हैं।

#### एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन

ग्रामीणों ने मांग रखी कि स्कूल की जमीन का सीमांकन करवाते हुए बेजा अतिक्रमण को तुरंत हटवाते हुए परिसर के आसपास बाउन्ड्रीवाल करवा दी जाए। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम भारद्धाज ने ब्यावरा क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों से बात कर समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

### पिता की स्मृति में श्मशान चबूतरे का कराया निर्माण



**नरसिंहगढ़।** नगर के व्यवसायी अरविंद साहू ने अपने पिता बद्रीलाल साहू की स्मृति में थावरिया स्थित मुक्तिधाम में श्मशान चबूतरे का निर्माण करवाकर सराहनीय पहल की है। यह कार्य उनके पिता की अंतिम इच्छा और पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप पूरा किया गया। स्व. बद्रीलाल साहू ने अपने जीवनकाल में मुक्तिधाम के विकास हेतु सहयोग राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन उनके निधन के बाद यह संकल्प अधूरा रह गया था। पिता की उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र अरविंद साहू ने मुक्तिधाम में चबूतरे का निर्माण करवा कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल श्रद्धांजलि का माध्यम बनते हैं, बल्कि समाज के लिए स्थायी उपयोगी संरचनाएँ भी तैयार करते हैं। मुक्तिधाम में बने इस चबूतरे से अंतिम संस्कार के दौरान आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

# सारंगपुर में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर नोटिस, हड़कंप मचा

### एसडीएम बोले - घबराने की जरूरत नहीं, दस्तावेज सत्यापन से अपडेट होंगे नाम

**सारंगपुर।** विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर के नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नोटिस मिलते ही खासतौर पर नए मतदाताओं में अपना नाम मतदाता सूची से कटने का डर सताने लगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग मतदान केंद्रों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक कार्यालयों में जानकारी लेने पहुंचने लगे। हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि यह घबराने का विषय नहीं है और यह दस्तावेज सत्यापन की नियमित प्रक्रिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह नोटिस पिछली बार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सामने आई विसंगतियों के आधार पर जारी किए गए हैं। कई मतदाताओं के नाम उनके माता-पिता के नाम से मेल नहीं खा रहे हैं, जबकि कुछ मामलों में गणना पत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) में दर्शाए गए विवरण और दस्तावेजों में अंतर पाया गया है। इन्हीं तकनीकी कारणों के चलते चुनाव आयोग के निर्देश पर एसआईआर के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

मामले में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होंरे ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से करीब 45 हजार मतदाता नए हैं। इन्हीं नए मतदाताओं को प्राथमिक रूप से सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।




एसडीएम ने बताया कि संबंधित मतदाताओं को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाकर आधार कार्ड, शैक्षणिक मार्कशीट, पासपोर्ट अथवा अन्य वैध पहचान दस्तावेजों के माध्यम से वेरिफिकेशन कराना होगा। दस्तावेजों का सत्यापन होते ही मतदाता सूची में नाम अपडेट कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना उचित जांच और प्रक्रिया के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।सोमवार से जैसे ही नोटिसों का वितरण शुरू हुआ, क्षेत्र में नाम कटने की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि एसडीएम द्वारा जारी अपील और प्रशासन की ओर से दी जा रही जानकारी के बाद अब लोगों में धीरे-धीरे संतोष की स्थिति बन रही है। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि समय रहते अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रक्रिया पूरी करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सारंगपुर के बेटे ने रचा इतिहास, 21 वर्ष की उम्र में बने कमर्शियल पायलट



**सारंगपुर।** छोटे शहर से निकलकर आसमान तक पहुंचने का सपना सारंगपुर के मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी ने महज 21 वर्ष की उम्र में साकार कर दिखाया। पिता मुबारिक मंसूरी (शासकीय शिक्षक) के पुत्र मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी ने 200 घंटे की उड़ान पूरी कर कमर्शियल पायलट का लाइसेंस प्राप्त किया है। मोहम्मद मुदस्सिर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल, सारंगपुर से प्राप्त की। बचपन से ही उन्हें विमानों और उड़ान के प्रति गहरा लगाव था, जो आगे चलकर उनके जीवन का लक्ष्य बन गया। स्कूली शिक्षा के बाद वे कोटा गए, जहाँ उन्होंने पिता की इच्छा अनुसार जेईई की तैयारी शुरू की। हालांकि, मन में पायलट बनने का सपना हमेशा जीवित रहा। गहन आत्ममंथन और परिवार से चर्चा के बाद उन्होंने जेईई की तैयारी छोड़कर एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने का साहसिक निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने डीजीसीए की सभी आवश्यक परीक्षाएं पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कीं, जो उनके आत्मविश्वास के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित हुआ। उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित फ्लाइंग अकादमी रेडबर्ड एविएशन से अपनी फ्लाइट ट्रेनिंग पूर्ण की। ट्रेनिंग के दौरान कई तकनीकी और मानसिक चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।

### इंडियन नेवी की ट्रेनिंग पूरी कर लौटने पर गौरव का किया स्वागत



**तलेन।** गौरव पिता संदीप कुंभकार ने इंडियन नेवी से ट्रेनिंग पूरी कर नगर में लौटने पर नगर के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा आतिशबाजी, ढोल- धमाके ,पुष्प मालाओं से स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरव कुंभकार तलेन के माटी के लाल ने देश नगर एवं परिवार का नाम रोशन किया गौरव के पिता एक प्राइवेट स्कूल प्राइमरी में पढ़ते हैं ऐसी विषम स्थिति में बच्चों को पढ़कर उन्होंने देश के प्रति सेवा में भेजा।

# प्रदेशाध्यक्ष ने किया जाटव समाज की 64 सदस्यीय प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन



**ब्यावरा।** जाटव (बृजवासी) समाज कल्याण संघ चौरासी की प्रदेश स्तरीय समिति के चुनाव के बाद रविवार को प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंडाजी ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजगढ़ के कालाखेत स्थित माता मंदिर परिसर में नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश कार्य समिति के नियुक्त प्रत्र प्रदान कर फूल-मालाओं एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। वहीं समाज के निर्वाचन अधिकारी भागीरथ प्रसाद मलोनिया द्वारा मौजूद सभी पदाधिकारियों को समाज के प्रति निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से समाज हित में कार्य करने और समाज को अग्रसर आगे ले जाने सहित समाज को एकजुट करने की शपथ दिलाई। सहभोज के बाद समारोह का समापन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य समाजबंधु मौजूद रहे। प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण पवैया ब्यावरा एवं नरेंद्र सोनवाल गुना बताया कि 14 दिसंबर 25 को करनवास में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हुए थे। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन 11 जनवरी को राजगढ़ में आयोजित संयुक्त बैठक में निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा सर्वसहमति से निर्णय लिया था। अंत में प्रदेश पदाधिकारियों ने ली शपथ शपथ विधि समारोह में प्रदेशाध्यक्ष कैलाश जाटव सहित निर्वाचन अधिकारी एवं संरक्षक शंकरलाल पटेल भोपाल, भागीरथ प्रसाद मलोनिया, शिवनारायण करनवास, उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद जाटव, सुरेश सोनगिरा, पुरुषोत्म जाटव लश्करपुर, अनोखीलाल कोटिया कुरावर, रमेश निगोतिया बरखेड़ी एवं सचिव देवेंद्र विजयपुरिया, सह सचिव गजेंद्र बंशीवाल, कोषाध्यक्ष गोकुलप्रसाद जाटव राजगढ, कार्यालय सचिव सचिन जाटव करनवास चार महासचिव, 11 महामंत्री, 9 संगठन मंत्री, 3 संयुक्त सचिव, 3 प्रवक्ता सहित 64 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

### भादाहेड़ी में अंबेडकर प्रतिमा की खंडित, अज्ञात पर एफआईआर

**राजगढ़।** खिलचीपुर थानाक्षेत्र के भादाहेड़ी गांव में मंगलवार शाम संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया है। प्रतिमा खंडित देख आक्रोशित ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इत्तिला दी। मामले में फिलहाल अज्ञात व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की तफ्तीश जारी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम भादाहेड़ी ग्राम में बाबा साहब की प्रतिमा का कान टूटा हुआ दिखा। मामले की जानकारी लगने पर टीआई उमाशंकर मुकाती टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करते हुए प्रकरण विवेचना में लिया है।

# प्रवेश-पत्र में दर्ज क्यूआर कोड खोलेगा परीक्षार्थी की पूरी कुंडली

### अनिल की जगह सुनील परीक्षा देने पहुंचा तो तुरंत आएगा पकड़

**राजगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। गत वर्ष प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना सहित अन्य जिलों में सामने आए नकल प्रकरणों को देखते हुए इस बार की परीक्षाओं को तकनीकी रूप से लीकपूफ बनाने मंडल द्वारा कुछ नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक परीक्षार्थी के प्रवेश-पत्र पर क्यूआर कोड भी अंकित रहेगा। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही संबंधित परीक्षार्थी की पूरी पहचान जैसे फोटो, नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि सहित अन्य आवश्यक जानकारी केंद्राध्यक्ष या सहायक केंद्राध्यक्ष के सामने आ जाएगी। अगर मूल परीक्षार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचा तो बारकोर्ड के जरिए उसकी पूरी पहचान उजागर हो जाएगी और फर्जीवाडे.पर काफी हद तक रोक लगेगी।

**नियमित, स्वाध्यायी सभी के एडमिट कार्ड में रहेगा अंकित:**मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एवं सहायक नोडल अधिकारी (परीक्षा) महेश गुप्ता ने बताया कि उक्त क्यूआर कोड न केवल नियमित बल्कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पर भी अंकित रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही जिले में बोर्ड परीक्षा संबंधी तैयारियां की जा चुकी हैं। गुप्ता ने बताया कि आगामी इसी कड़ी में 6 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ से जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए पूरी गोपनीयता के साथ परीक्षा सामग्री का वितरण करवाया जाएगा। गा। परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष व टीम को परीक्षाओं से संबंधित सभी सामग्री प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी जोड़कर कुल 34 हजार 866 बच्चे बोर्ड परीक्षाएं देंगे।

# परमात्मा शिव के अवतरण व विश्व कल्याण के कर्तव्य का यादगार पर्व है महाशिवरात्रि



**ब्यावरा।** महाशिवरात्रि के आगामी पर्व का आगाज करते हुए ब्रह्मकुमारीज के शहिद कॉलोनी ब्यावरा सेवाकेंद्र पर शिवरात्रि महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, राजयोगिनी मधु दीदी जिला प्रभारी राजगढ़, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जनपद अध्यक्ष राधा देवी, समाजसेवी डॉक्टर कैलाश मिश्रा, एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी , ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी।

कार्यक्रम की शुरुआत शिव की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई। राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने बताया शिवरात्रि की सबको शुभकामनाएं दी और बताया कि यह नवनिर्मित सेवाकेंद्र न केवल यहां के नियमित सदस्यों के लिए अपितु मोहनीपुरा ग्रामवासियों, ब्यावरा वासियों के लिए नवचेतना और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का कार्य करेगा। रामचंद्र दांगी ने कहा कि आज का मानव स्वयं के लिए समय के न होने का तर्क देता है लेकिन में असल में अपने समय को व्यर्थ बातों में गंवाता रहता है। लेकिन हमें प्रति दिन एक घंटा अपने लिए देना चाहिए जिससे सकारात्मक ऊर्जा हमें मिलती रहे।

### लंबे समय से बंद पुल को लेकर समाधान की दिशा में पहल

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक, पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को बजट में शामिल करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की महत्वपूर्ण पार्वती पुल की समस्या को लेकर एक बार फिर सकारात्मक पहल सामने आई है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त एवं बंद पड़े पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर चर्चा की। विधायक ने पुल की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए इससे उत्पन्न हो रही जनसमस्याओं की जानकारी दी। विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पुराना पार्वती पुल जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है, जिसके चलते बीते एक वर्ष से इसे आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है।

पुल बंद होने से नरसिंहगढ़ का संपर्क रुनाहा, नजीराबाद, बैरासिया सहित आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावित हुआ है।



इससे क्षेत्र के नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत हो रही है। पुल के बंद होने का असर आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों पर भी पड़ा है। विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों को अपनी कृषि उपज मंडियों तक ले जाने में असुविधा हो रही है। व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्या की संवेदनशीलता को स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को इसी बजट में शामिल किया जाएगा, ताकि आवश्यक स्वीकृति के बाद निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद क्षेत्र में समाधान को लेकर सकारात्मक वातावरण बना है। उल्लेखनीय है कि पार्वती पुल की स्थिति को लेकर पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर ज्ञापन सौंपे गए हैं और लगातार इस विषय को उठाया जाता रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों के बाद अब मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा होने से समाधान की दिशा में ठोस कदम उठने की संभावना बनी है।

मुलाकात के दौरान हाल ही में मुख्यमंत्री के नरसिंहगढ़ दौरे के समय सार्वजनिक सभा में की गई घोषणाओं पर भी चर्चा की गई। इनमें बड़े महादेव को महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने, नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार निर्माण तथा अन्य विकास संबंधी घोषणाएं शामिल रहीं। विधायक ने इन घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की अपेक्षा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि बजट में प्रावधान होने के बाद पार्वती पुल के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जिससे आवागमन व्यवस्था में सुधार होगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।